**खबर संक्षेप**

## ड्रोन से हुआ यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन



**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत खैरा में पहुँची। यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 26 जनवरी तक चलेगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा जिला बदर का आरोपी

**शहडोल।** थाना क्षेत्रान्तर्गत 27 दिसम्बर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का आरोपी आनेश्वर यादव पिता मायाराम उर्फ कोदू यादव निवासी रतहर का अपने निवास पर रह रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु गोहपारु पुलिस आरोपी आनेश्वर यादव के घर पर पहुंचकर दबिश दी। आरोपी अपने घर के आंगन में मिला जिसे जिला दण्डाधिकारी द्वारा आरोपी को 30 अक्टूबर से अगले तीन माह की अवधि तक जिले से बाहर रहने के सम्बंध में आदेशित किया गया था। आरोपी द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन करते पाया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध धारा 188 भादवि एवं म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि. 1990 की धारा 14 के अंतर्गत दण्डनीय पाये जोने से आरोपी को 27 दिसम्बर को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मो. समीर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र कोल, आरक्षक विकाश दुबे एवं प्रदीप बरकड़े की अहम भूमिका रही ।

## 54 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** पुलिस द्वारा 27 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 54 चालानों में 20,300 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## अज्ञात बदमाशों ने गुमटी में लगाई आग



**शहडोल।** जिला मुख्यालय स्थित एफसीआइ गोदाम के पास राम जानकी मंदिर के ठीक सामने एक पान की गुमटी में बुध-गुरूवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी दुकान जलकर खाक हो गई। वहीं इसकी सूचना दुकानदार ने सुबह 100 डायल को दी जहां मौके पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया गया है कि अजय यादव पिता मुन्नी लाल यादव उम्र 30 वर्ष की पान की दुकान एफसीआइ गोदाम राम जानकी मंदिर के ठीक सामने गुमटी बनाकर कई वर्षों से संचालित की जा रही थी, किसी तरह वह अपने व अपने परिवार का पालन इसी दुकान से करता आ रहा था, कुछ माह पहले ही इसी दुकान में चोरी की घटना हुई थी। बीती रात 28 तारीख की तडके अज्ञात बदमाशों ने पान की गुमटी को आग लगा दी। लोगों का कहना है कि पहले दुकान मे चोरी की गई होगी, फिर बाद में दुकान में आग लगाई गई होगी। पूर्व में भी इसी दुकान में चोरों ने हाथ साफ किया था, इसके बाद यह दूसरी घटना है, जिसमें दुकान को पूरी तरह राख कर दिया गया है। दुकानदार ने बताया कि दुकान में लगभग 50000 का सामान रखा था, जिसमें सिगरेट, गुटका, पान, कुरकुरे सहित अन्य खाने पीने के समान और रुपये रखे थे, सब कुछ जल गया। पुलिस मामला कायम कर जांच में लिया है।

# ढोलू ने रद्दी की टोकरी में डाले डीजीएमएस के कायदे

## चैन माउंटेड ड्रिल की जगह टायर माउंटेड ड्रिल का उपयोग










**खान प्रबंधक व उपक्षेत्रीय प्रबंधक गड़बड़झाले में है शामिल**

**सोहागपुर एरिया अंतर्गत रामपुर खुली खदान का मामला**

खान सुरक्षा महानिदेशालय के नियम सोहागपुर की खुली और भूमिगत खदानों में खुलकर तोड़े जा रहे हैं, बंगवार में बिना अनुमति के माईंस संचालन के मामले को प्रबंधन ने किसी तरह निपटाया तो, रामपुर खुली खदान में ढोलू कंस्ट्रक्शन ने प्रबंधक व उपक्षेत्रीय प्रबंधक को साथ लेकर डीजीएमएस के कायदे तोड़-मरोड़ दिये, खुद प्रबंधक अर्जुन जोड़े प्रतिदिन चैन माउंटेड ड्रिल की जगह टायर माउंटेड ड्रिल का उपयोग कराते नजर आते हैं।

शहडोल।

साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड के सोहागपुर एरिया अंतर्गत संचालित रामपुर-बटुरा खुली खदान से विवाद फिलहाल नाता तोड़ते नजर नहीं आ रहे हैं, यहां ओव्हर बर्डन हटाने का कार्य कर रही ढोलू कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्थानीय प्रबंधक प्रमोद एक बार फिर सुर्खियों में है। खदान परिसर के अंदर ब्लासंटिग के लिए प्रमोद ने माईंस के प्रबंधक और उपक्षेत्रीय प्रबंधक से सांठ-गांठ कर डीजीएमएस के कायदों की धज्जियां उड़ा दी है। महज चंद रूपयो की लालच के फेर में खान प्रबंधक अर्जुन जोड़े और उपक्षेत्रीय प्रबंधक अनिरूद्ध सिंह ने माईंस के अंदर चैन माउंटेड ड्रिल की जगह टायर माउंटेड ड्रिल के उपयोग की न सिर्फ हरी झण्डी दे दी, बल्कि आये दिन अर्जुन जोड़े खुद टायर माउंटेड ड्रिल का अपने मार्गदर्शन में उपयोग कराते नजर आते हैं।

### प्रमोद करता है पूरा खेल

सोहागपुर एरिया की रामपुर खुली खदान में 28 दिसम्बर को टायर माउंटेड डिल मशीन से लगातार ब्लास्ट कराये गये, इसके पहले के दिनों में भी खदान में टायर माउंट ड्रिल का मशीन का उपयोग किया जा रहा था। जबकि कोल इंडिया ने इसे प्रतिबंधित किया है। खदानों में चेन माउंट ड्रिल मशीन के चलने की अनुमति है। सेफ्टी बोर्ड को अंधेरे में रखते हुए ढोलू कंस्ट्रक्शन कंपनी को फायदा दिलाने के फेर में माईंस के प्रबंधक और उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने आंखे मूंद ली हैं। बताया गया कि निजी कंपनी के स्थानीय प्रबंधक प्रमोद ने दो चैन माउंटेड ड्रिल मशीनों को खुली खदान के उत्खनन क्षेत्र में रखा तो है, लेकिन ये दोनों मशीने महज किसी दिखावे से कम नहीं है, पूरा काम टायर माउंटेड ड्रिल से किया जा रहा है, हालाकि निजी कंपनी के द्वारा खदान में टायर माउंट मशीन चलाने के लिए अनुमति लिये जाने के दावे किये जाते रहे हैं, लेकिन इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत न करना खुद उन्हें कटघरे में खड़ा करता है।

### इसलिए लगाते हैं टायर माउंट ड्रिल


जानकारों का कहना है कि टायर माउंट ड्रिल मशीन चैन माउंट से काफी सस्ती होती है। चैन माउंट मशीन एक घंटे में लगभग तीन चार ड्रिल करती है, जबकि टायर माउंट मशीन पांच से छह ड्रिल करती है। ठेका कंपनियों को ड्रिल के आधार पर राशि का भुगतान किया जाता है। इस कारण ठेका कंपनियां टायर माउंट उपयोग करती हैं। खान सुरक्षा महानिदेशालय की ओर से खान विनिमय अधिनियम का हवाला देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इस तरह की मशीनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन रूपया बचाने के फेर में कई बार ऐसे मामले भी सामने आये हैं कि अधीनस्थ अधिकारियों का विश्वास लेकर कंपनियां इस तरह चोरी छुपे मशीनों का माईंस परिसर में उपयोग करती रहती हैं।

### प्रबंधन की मौन सहमति

सब कुछ जानकर भी खदानों की सुरक्षा से जुड़े अफसर मौन हैं, सुरक्षा मानकों में कोताही की कीमत मजदूरों को जान देकर चुकानी पड़ सकती है। टायर माउंट मशीन के ऑपरेटर व हेल्पर का काम चैन माउंटेड ड्रिल मशीन की तुलना में काफी जोखिम भरा होता है, बावजूद इसके स्थानीय प्रबंधन, एरिया में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों को अंधेरे में रखकर डीजीएमएस की लाख मनाही के बाद भी कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। रामपुर-बटुरा खदान में अधिकतर काम आउट सोर्सिंग से कराए जा रहे हैं। ये कंपनियां नियम कायदों को ताक पर रखकर काम करती हैं। सुरक्षा में कोताही से ही कोल माईंसों में कई बार हादसे हो चुके हैं।

# जनवरी-मई माह में गिद्धों की होगी गणना

उमरिया।



बांधवगढ़ में गिद्धों की गणना जनवरी में होगी, हालांकि अभी गणना के लिए तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन अगले सप्ताह तक तारीख भी तय हो जाएगी। गिद्धों की गणना हर दो साल में होती है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक पूरे मध्यप्रदेश मे गिद्धों की गणना जनवरी और मई माह में एक ही दिन, एक ही समय मे एक साथ की जाएगी। देश मे 9 प्रकार के गिद्ध पाये जाते हैं। एक गिद्ध का वजन 3.50 किलो से लेकर लगभग 8 किलो तक होता है। जो नौ प्रजातियां हैं, उनमे श्याम गिद्ध, अरगुल गिद्ध, यूरेशियन पांडुर गिद्ध, सफेद पीठ गिद्ध, दीर्घचुंच गिद्ध, बेलनाचुंच गिद्ध, पांडुर गिद्ध, गोपर गिद्ध और राज गिद्ध शामिल हैं। गणना में वन कर्मियों के अलावा पर्यावरण प्रेमी, एनजीओ को भी शामिल किया जाएगा। गिद्धों की दो बार गणना इसलिए कि जाती है कि पहले की गई गणना मे गिद्धों की संख्या का दूसरी बार की गई गणना से मिलान किया जाता है, जिससे गिद्धों की संख्या की सही व सटीक जानकारी मिल सके ।

एक समय था जब पूरे जिले के आसमान मे गिद्धों के समूह उड़ते हुए आसानी से दिखाई देते थे। केवल उमरिया या मध्यप्रदेश ही पूरे देश मे यही हाल है। पक्षी विशेषज्ञों का दावा है कि कुछ वर्ष पहले तक देश मे गिद्धों की संख्या लगभग चार करोड़ थी, लेकिन इनकी तादाद अब घटकर लगभग महज 60 हजार ही रह गई है। इसलिए सरकार वन विभाग के माध्यम से हर दो साल मे गिद्धों की गणना करवाती आ रही है। रिटायर्ड वन अधिकारी के.के. झा का कहना है कि बिना जनभागीदारी के न तो गिद्धों का सरंक्षण किया जा सकता है, न ही उनकी सटीक गणना की जा सकती है।

वर्षो से बांधवगढ़ नेशनल पार्क की शान रहे गिद्धों के लिये बीमार मवेशियों तथा जानवरों के इलाज मे दी जाने वाली दवा मुसीबत का सबब बन गई है। शहरी क्षेत्रों से नदारत हुई यह प्रजाति अभी तक इंसानी बस्तियों से दूर केवल जंगलों मे ही सुरक्षित थी, परंतु वहां भी यह समस्या धीरे-धीरे गंभीर हो चली है। जानकारों का मानना है कि यदि इस संबंध मे कोई गंभीर पहल नहीं हुई तो, वह दिन दूर नहीं जब उद्यान इन दुर्लभ पक्षियों से पूरी तरह खाली हो जायेगा। बताया जाता है कि पालतू मवेशियों के उपयोग में आने वाली दवायें उनके मरने के बाद ज्यादा खतरनाक हो जाती है। जानवरों की मृत्यु के बाद, जब गिद्ध इनको अपना आहार बनाते हैं तो, मृत जानवरों के शरीर मे मौजूद दवाओं के हानिकारक ड्रग्स उनकी मौत का कारण बन जाते हैं।

लगातार घटती संख्या के कारण गिद्ध प्रजाति के विलुप्त होने का जो खतरा मंडरा रहा है, उसकी मुख्य वजह बीमार मवेशियों को दी जाने वाली दर्द निवारक डाईक्लोफिनेक दवा है। वन्य जीव विशेषज्ञों ने चर्चा के दौरान बताया कि सरकार ने 17 साल पहले इस दवा के इस्तेमाल पर रोक लगाकर इसकी जगह मेलोक्सिकेम मेडिसिन को अपनाने की सिफारिश की थी। मगर प्रतिबंध के बावजूद आज भी डाईक्लोफिनेक दवा गैर-कानूनी तरीके से बाजार मे बेची जा रही है और मवेशियों के लिए किसान इसका उपयोग धड़ल्ले से करते आ रहे हैं। जब मवेशी मर जाते हैं, तब उनके शरीर मे मौजूद दवा गिद्धों की मौत की वजह बन जाती है।

# ग्रामीण पर बाघ ने किया हमला, अस्पताल में भर्ती

उमरिया।

मवेशियों को चराने के लिए जंगल ले गये चरवाहे पर बाघ ने हमला कर दिया। इस घटना में ग्राम कसेरू के झिरिया मोहल्ला निवासी स्थानीय सुरेश पिता स्व रामस्वरूप सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी पर घटना के बाद जल्द ही पतौर वन टीम मौके पर पहुंच गई और घायल को मानपुर अस्पताल ले जाया गया है। वनि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना पतौर रेंज के पीएफ क्रम 194 की बताई जा रही है।



बताया जाता है कि घायल सुरेश का घर गांव के बाहरी क्षेत्र में है। यही से मवेशियों को लेकर जंगल की ओर गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपकर बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। आसपास अन्य ग्रामीण मौजूद थे जिसकी वजह से सुरेश की जान बच गई। दरअसल जैसे ही बाघ ने उस पर हमला किया वह शोर मचाने लगा जिससे आसपास मौजूद लोग अलर्ट हो गए और उन्होंने जोर से आवाज देकर बाघ को मौके से भगा दिया।



# पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर बनी विजेता

**शहडोल।** जिला स्तरीय पुरुष क्रिकेट चयन प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि डॉ. जी.पी. पाण्डेय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग संभाग रीवा एवं प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर रहे। क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार शुक्ला और उपस्थित सभी क्रीड़ाधिकारियों ने सबसे पहले सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन फाइनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर एवं कोतमा के मध्य खेला गया, जिसमें कोतमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 90 रन बनाए जिसमें भास्कर और प्रशांत ने 02 तथा आशीष ने 01 विकेट प्राप्त किया।

जयसिंहनगर की ओर से शहाब सिद्दीकी ने सर्वाधिक नाबाद 22 रन बनाए जबकि 04 महत्वपूर्ण विकेट झटके, 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शासकीय महाविद्यालय कोतमा की टीम महज 31 रनों पर ऑल आउट हो गयी और शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर ने यह मुकाबला 59 रनों से जीत लिया। विजय सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए शानदार 03 विकेट चटकाए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में मनीष नामदेव क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय वेंकट नगर और धीरेन्द्र वर्मा जयसिंहनगर, कमेंटटर भूपेश वंशपाल, स्कोरर विजय सिंह शिब्बू यादव व ग्रेसी सोनी रहे। दूसरे दिन के खेल के दौरान अनूपपुर क्रीड़ाधिकारी रामायण वर्मा, चंदिया से डॉ.धर्म शर्मा, बिजुरी से डॉ. रामधारी जायसवाल, उमरिया से जीतेन्द्र कुमार, कोतमा से ममतेश पवार और डॉ. अमित निगम, राजनगर से आनंद मिश्रा और महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला स्तर पर हुआ जूनियर एथलेटिक्स मीट का ट्रायल

शहडोल।



जिला एथलेटिक्स संघ के मार्गदर्शन में एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की 19 वीं अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 का जिला स्तर का ट्रायल महात्मा गांधी स्टेडियम एथलेटिक्स ट्रैक में किया गया, जिसमें 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, गोल फेक, भाला फेंक और लॉग जंप, हाई जंप अंडर 16 आयु वर्ग में और ट्रायथलॉन, किड्स जेवलिन अंडर 14 वर्ग में प्रतियोगिता का ट्रायल अंडर 16 अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग की चयन प्रतियोगिता कराई गई। आज की प्रतियोगिता जिला एथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शान उल्ला खान के मार्गदर्शन में कराई गई। उन्होने बताया कि एथेलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 19वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट जो की 16 से 18 फरवरी 2024 अहमदाबाद गुजरात में होनी है, जिसकी जिला स्तर की चयन प्रतियोगिता आज एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और मध्य प्रदेश एथलेटिक्स असोसिएशन के निर्देशा अनुसार पूर्ण कराई गई।

जिला एथलेटिक्स संग के सचिव ईशान रैदास ने बताया कि आज जिले के 14 और 16 वर्ष के एथलीट बालक-बालिका ने 8 इवेंट में जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लिया, इनमें 157 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया जिसमें से बेस्ट 13 एथलीट बेट्स परफॉमेंस के अनुसार शहडोल जिले की टीम बनेगी, जो 13 एथलीट और 2 ऑफिशियल की टीम को गुजरात में होने वाले एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया 19 वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट 16 से 18 फरवरी 2024 अहमदाबाद गुजरात में होनी है, उसमें शहडोल जिले की टीम शामिल होना है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की यह प्रतियोगता राष्ट्रीय स्तर की है जिसमें ऑल इंडिया की 500 से अधिक जिले भाग लेते है जो जिले से सेलेक्ट हो कर राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते है यह प्रतियोगिता

उद्देश्य ग्रास रूट लेवल के 14 और 16 वर्ष के बालक-बालिका एथलीट को अपना श्रेष्ठ हुनर दिखाने का मौका मिलेगा।

इस प्रतियोगिता ट्रायल के लिए पंडित एस. एन. शुक्ला यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के विभागअदयक्ष डॉ. आदर्श तिवारी के मार्गदर्शन में फिजिक्स एजुकेशन के शिक्षक किशोर साकेत, जितेंद्र सिंह और विद्यार्थियों ने निर्णायक रहे।

इस प्रतियोगिता में सफल ट्रायल के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री श्रीदेवी स्वामी, युवा समन्वयक अजय सोंधिया, दया नन्द सोंधिया, स्कूलों से आये हुए पी. टी. आई. रहीम खान, नमीता यादव, शिवानी नामदेव, इंद्रजीत और सभी स्कूल के शिक्षक और अभिभावक, सीनियर खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह, सपना कचेर, अभिषेक साहू, रीनू केवट, विशाल, शिवम और जिला एथलेटिक्स संग की खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही।



# गर्भपात कराने से हुई थी युवती की मौत

### जंगल में मिला था कंकाल, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**उमरिया।** असोड़ के जंगल से युवती का कंकाल बरामद करने के बाद अमरपुर चौकी पुलिस ने औपचारिक कार्रवाइयां पूर्ण कर मामले की पतासाजी में जुट गई थी। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस को ज्ञात हुआ कि युवती गर्भवती थी और गर्भपात करने के प्रयास में उसकी जान गई। जिसके शव को उसके प्रेमी और डाक्टर ने मिलकर जंगल में फेंक दिया था। युवती की शिनाख्त अनपा कोल पिता प्यारेलाल के रूप में की गई थी। पुलिस ने इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी रजनीश लोनी को हिरासत में ले लिया है। अनुपा 7 दिसंबर को मुड़गुड़ी स्थित अपने मामा के घर जाने के नाम से घर से निकली थी। एक सप्ताह तक घर नहीं लौटी थी। चिंतित परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसी बीच 15 दिसंबर को ग्राम असोड़ स्थिर सड़क के बगल में मौजूद कुर बाबा के पास उसका कंकाल रूपी शव मिला था।इस मामले में पुलिस ने सबसे पहले मृत युवती की शिनाख्ती अनुपा पिता प्यारेलाल कोल उम्र 20 वर्ष के रूप में की थी। बाद में एसपी निवेदिता नायडू के निर्देशन में जांच शुरू की गई।घटना को लेकर बताया जाता है कि अविवाहित युवती के पेट मे 3-4 माह का गर्भ था। आरोपी रजनीश पिता बुद्धसेन लोनी निवासी खलौन्ध मृत युवती अनुपा का गर्भपात कराने कटनी जिले के बहोरीबंद गया था। वहाँ झोला छाप डॉक्टर सुग्रीव श्रीवास्तव से मिला था और उसी से अवैध रूप से गर्भपात कराया था। बताया जाता है कि इसी बीच युवती की मौत हो गई। जिसके बाद मुख्य आरोपी रजनीश लोनी और झोला छाप डॉक्टर सुग्रीव बोलेरो से युवती की लाश लेकर ग्रह ग्राम असोड़ पहुंचे और सड़क के बगल में युवती का शव डंप करके मौके से फरार हो गए। अभी डॉक्टर और बोलेरो चालक फरार है।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** राज्य स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश शासन दिलीप जायसवाल 29 दिसंबर को एक दिवसीय भ्रमण पर उमरिया आएंगे। श्री जायसवाल 29 दिसंबर को प्रातः 8 बजे कटनी से प्रस्थान कर 8:45 बजे चंदिया आएंगे जहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप 9:30 बजे चंदिया से प्रस्थान कर 9:45 बजे उमरिया आएंगे, जहां से 10:30 बजे पाली के लिए प्रस्थान कर 11 बजे पाली आएंगे। पाली में माता बिरासिनी के दर्शन करने के पश्चात घुनघुटी के लिए रवाना होंगे जहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात 12:30 बजे घुनघुटी से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आज

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करनें तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय उमरिया के सामुदायिक भवन में 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है ।

### जिले में 7519 किसानों से 423666.27 क्विटल धान की खरीदी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने बताया कि जिले में धान उपार्जन का कार्य 42 खरीदी केन्द्रों में किया जा रहा है । जिले में आज दिनांक तक 7519 किसानों से 423666.27 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है । धान खरीदी का कार्य 19 जनवरी 2024 तक किया जाएगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय खदान मजदूर संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**जमुना/बदरा।** हसदेव क्षेत्र जमुना कोतमा द्वारा शहडोल लोकसभा सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को उनके निवास स्थल राजेंद्रग्राम में जाकर कोयला खान भविष्य निधि संगठन में हो रही धांधली पर रोक लगाकर कोलकर्मियों के पीएफ पेंशन फंड को बचाने के लिए भारतीय कोयला मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन सौपा गया जिसमे मुख्य रूप से महामंत्री ओमकार द्विवेदी, सचिव राजेन्द्र सिंह राजपूत, विक्रम सिंह, श्रवण भट्ट, अमित अखिलेश मिश्रा और भारतीय मजदूर कोयला संघ के कार्यकर्ता सम्मलित रहे।

### बहेराबाँध कॉलरी में हो रही कोयले की चोरी, सुरक्षा गार्ड की भूमिका संदिग्ध

**बिजुरी।** बहेराबांध कॉलिरी में रात के अंधेरे में कोयला की चोरी खुलेआम हो रही है वहीं सुरक्षा प्रभारी ने चोरों को खुले आम संरक्षण दे रखा है। बताया जाता है कि सुरक्षा प्रभारी द्वारा चोरों के साथ मिली भगत में कॉलरी का सामान चोरी करवाया जा रहा है। बहेराबांध कॉलरी में कई बार चोरों द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया मगर सुरक्षा गार्ड द्वारा ना तो थाने में शिकायत की जाती है और न ही कालरी प्रशासन को, जिससे लगता है कि चोर और सुरक्षा प्रभारी की मिलीभगत से ही चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। कालरी प्रबंधन की मौन सहमति सुरक्षा प्रभारी का मनोबल बढ़ाये हुए हैं, चोर जो कोयले के साथ-साथ खदान के महंगे उपकरण लोहे भी पार कर रहे हैं, जिससे कालरी प्रशासन को लाखों की क्षति हो रही है। एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों को बहेराबांध कालरी में हो रही चोरी का पता लगाने हेतु सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध भूमिका की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे कोयला खदानों में हो रही चोरी को रोका जा सके।

रेत माफिया बिगाड़ रहे नदी का स्वरूप, खनिज विभाग मौन

# उमरार में सरेआम चल रहा माफियाओं का खंजर

**उमरिया।** पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत के चलते खनन माफिया सरेआम उमरार नदी का सीना छलनी करने पर तुले हुए हैं। नदी में सरेआम जेसीबी मशीनें व पोकलेन मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा है। रात्रि के समय तो अवैध खनिज सम्पदा से भरे डम्परों की लाइन टूटती ही नही है। पूरा ग्रामीण क्षेत्र रात में हाईवा की गड़गड़ाहट से गूंजता रहता है। जिले में इन दिनों रेत माफियाओं का आतंक पूरे चरम पर है, ताला क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोयलरी, थाना चंदिया अंतर्गत अवैध भंडारण किया गया है, खुलेआम पोकलिन मशीन लगाकर उमरार नदी के झाला घाट से सीधे हाइवा में रेत भरकर बगैर टीपी के शहपुरा सहित कई जगह सप्लाई कर रहा है, उमरार जैसी नदी का अस्तित्व जहां रेत के अवैध उत्खनन ने दांव पर लगा रखा है, वहीं प्रशासनिक अमला माफिया का सहयोगी बना हुआ है।

### दिन-दहाड़े उतर रही मशीन

कई गांवों में रेत का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पूरा खेल प्रशासन की शह पर खेला जा रहा है और पुलिस, राजस्व, खनिज के साथ वन विभाग का अमला आंख बंद किये हुए है, ग्राम पंचायत कोयलरी में अवैध भण्डारण में रेत स्टाक कर रखी है, ताबड़तोड़ अवैध उत्खनन के कारण नदी का स्वरूप ही बिगड़ रहा है। नदी की धार टूटने लगी है, घाट को भी क्षति पहुंचायी गई है। रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन दिन दहाड़े नदी में मशीन उतारकर खनन किया जा रहा है।




### सांठ गांठ का नतीजा

रेत माफियाओं द्वारा निर्जन क्षेत्रों में भी रेत का भण्डारण किया जा रहा है। जहां रोजाना सैकड़ों ट्रक रेत डंप की जाती है। इस कार्य में किसी न किसी शहरी दबंग या दलाल का हांथ होता है। जो सीधे माफिया और अफसरों तक पहुंच रखता है। इसमें एक बात और है जब ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को इस भण्डारण की जानकारी दी जाती है और दबिश डालने की बात कही जाती है तो, दबिश से पहले उनके पहुंची की सूचना रेत माफियाओं तक पहुंच जाती है। माफियाओं के हाइवा से बैगा आदिवासियों के खेत छलनी हो रहे है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर से आंखे मूंदे रखी है।

### जिम्मेदार विभाग उदासीन

अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने जंगल विभाग, तहसील एवं थाना पुलिस की जिम्मेदारी है, लेकिन इनके द्वारा अवैध रेत व्यापारियों को पकडने सघन अभियान नहीं चलाया जाता है। महज दिखावे की कार्यवाही करके और छोड़ दिया जाता है, तभी तो इन रेत माफिया का हौसला दिन प्रतिदिन बढ़ते चले जा रहे है। इनका मनोबल इतना बढ़ चुका है कि दिन में ही इनके द्वारा खुलेआम अवैध रेत का कारोबार किया जाता है।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चंदिया नगर परिषद के बिरसा मुंडा चौक वार्ड क्रमांक-8 में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र ज्ञान सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पुरुषोंत्तम कोल, उपाध्यक्ष अनुपम चतुर्वेदी, जानकी प्रसाद मिश्रा, पंकज तिवारी, राम नारायण पयासी, आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, अरविंद प्रसाद चतुर्वेदी, राजेश पांडेय, सुरेंद्र मड़करहा, मोती लाल कोरी सहित जिला प्रमुख अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ज्ञान सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिविर का लाभ उठाएं। सरकार परिवार की तरह काम कर रही है। जनता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एक छत के नीचे बैठे और जो शासन की जो योजना है उसका लाभ जनता तक पहुंचाये, यही प्रमुख उद्देश्य है। देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के हित में योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसका लाभ सभी जन उठाये।

मिथिलेश पयासी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प है कि हर योजना का लाभ पात्र लोगो तक पहुँचे। सम्पूर्ण भारत में प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर, नगर पालिका स्तर पर कार्यक्रम संचालित है। जन हित में जो कार्य किये जा रहे हैं, योजनाओं का कितना लाभ मिला,




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चंदिय में आयोजित किया गया शिविर

पात्र व्यक्ति जो लाभ से वंचित रह गए है , उन्हें लाभ दिया जाए, इस यात्रा की यही मंशा है। जब देश की महिला मजबूत होगी, युवा मजबूत होगा, किसान मजबूत होगा तब इस यात्रा का संकल्प पूरा होगा।

प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन योजना प्रारंभ की। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक कि निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है । जल को सहेजना भी हमारा कर्तव्य है, इसलिए आवश्यक है कि नलो में टोटी लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज तिवारी ने कहा कि सरकार ने जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए योजनाए प्रारंभ की गई है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, बालिकाओ के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, वृद्धवस्था पेंशन योजना, जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से जल सहित अन्य योजनाए संचालित है। जो व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए है, वे स्टॉल के माध्यम से लाभ पाने के लिए आवेदन कर सकते है। योजनाओ का लाभ पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े इस हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर आयोजित किये जा रहे है, ताकि लोगो का काम बिना किसी परेशानी के हो सके।

श्रम विभाग ने सम्बल योजना, भवन सनिर्माण कर्मकार मंडल योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजो की निःशुल्क जांचे, पशु विभाग द्वारा पशुओं के इलाज के लिए संचालित चलित पशु वाहन, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मत्स्य विभाग द्वारा मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मछुआ समृद्धि योजना, निस्तारी तालाब, शासकीय तालाब में 10 वर्ष तक मछली पालन हेतु लीज पर लिये जाने, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की दी जाने वाली पेंशन योजना की जानकारी दी गई।

तहसीलदार ने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। योजनाओ का पाने के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन करें, ताकि योजनाओं का लाभ दिया जा सके। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए संचालित है। गांव गांव नगरीय क्षेत्रों में भी यह यात्रा संचालित की जा रही है, योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चंदिया मे आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित किए गए। लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों में राजस्व विभाग के फौती नामांतरण के हितग्राही पंकज द्विवेदी, नरेश कुशवाहा, मुक्तार खान, राहुल कुशवाहा, सोमनाथ साहू, शारदा यादव, शारदा पुरोहित, राजेश पाण्डेय, हर्ष कुशवाहा को बंटवार की प्रति का प्रदाय, पीएम स्व निधि योजना के तहत विशेषर कोल, अमृत लाल कुशवाहा, नफीश सिद्दीकी, भरत बर्मन व अरुण बर्मन को 10-10 हजार रुपये का हितलाभों का वितरण किया गया। इसी तरह मुख्य मंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वंदना लोक चंदानी को जनरल स्टोर के लिए चार लाख अस्सी हजार रुपये की स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओ की जानकारी दी गई एवं योजनाओ का लाभ उठाने की बात कही गई ।

## शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में मतदान दलों के प्रशिक्षण का समापन



**उमरिया।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 उत्तराध्र्द का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार सरपंच, पंच पद के निर्वाचन के लिए 4 जनवरी को सामग्री का वितरण जनपद स्तर से किया जाएगा तथा मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद की मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 5 जनवरी को होगी एवं सरपंच पद की मतगणना 9 जनवरी को होगी।

जिला मुख्यालय के शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में मतदान दलो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने कहा कि नियमों का अध्ययन करके निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए बिना तनाव के अपने कार्यो को अंजाम दें। व्यवस्थित तरीके से निर्विघ्न एवं निष्पक्ष चुनाव कराने मे अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर पांच सदस्यीय दल कार्य करेगा। इसलिए आवश्यक है कि सभी एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर ले एवं सभी एक दूसरे से संपर्क में रहे। मतदान कर्मी मास्टर ट्रेनर व्दारा बताई जा रही बातों का अक्षरशः पालन करें ।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर संजय पाण्डेय, सुशील मिश्रा ने सामग्री प्राप्ति वितरण स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही, सामग्री प्राप्ति व मिलान, मतदान दिवस के एक दिन पूर्व मतदान केंद्र पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान केंद्र की आंतरिक व्वस्था, मतदान दिवस के दिन की जाने वाली कार्यवाही, मतदान दिवस की तैयारी, मत पेटी तैयार करने, मतदान प्रारंभ की स्थिति में होने वाली कार्यवाही, निर्वाचक की पहचान सत्यापन की प्रक्रिया, मतदाताओं के रजिस्टर में मतदाता की मतदाता नामावली संख्या का अभिलेख मतदाता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान, मतदान के दौरान की विशिष्ट स्थितियां, मतदाता की पहचान के संबंध में आपत्ति अभ्याक्षेपित मत, निविदत्त प्रपत्र, मतदान की समाप्ति पर की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे मे विस्तारि पूर्वक जानकारी दी ।

## जुआ फड़ पर बिजुरी पुलिस की कार्रवाई में निष्पक्षता पर खड़े हुये सवाल




**बिजुरी।** बिजुरी थाना क्षेत्र अपराधियों व माफियाओं का गढ़ बना हुआ है जहां पुलिस की सेटिंग में रेत चोरी, पत्थर चोरी, जुआ फड़ को संरक्षण देने के नाम से चर्चित थाना प्रभारी बिजुरी के क्रियाकलाप से आम जनमानस के बीच में पुलिस प्रशासन अपना विश्वास खो चुकी है। कई दिनों से समाचार पत्रों में जुआ, सट्टा पुलिस प्रशासन के संरक्षण में खिलाये जाने का समाचार प्रकाशित हो रहा था, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा समाचार को गंभीरता से लिए जाने पर बिजुरी थाने पर जुआ के खिलाफ कारवाई करने हेतु दबाव बनाया गया, मजबूरन बिजुरी पुलिस को खाना पूर्ति करने हेतु नगर के कई ठिकानों में चल रहे जुओं पर कार्रवाई न करते हुए मात्र एक ही जगह पर पक्षपातपूर्ण कार्यवाही कर अपनी निष्पक्षता पर और भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जो शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यवाही में संदेह होना भी लाजिमी है, कार्यवाही के विषय में पुलिस द्वारा बताया गया कि जुआ खेलने वालों के पास से मात्र 5000 व ताश के 52 पत्ते जब्ती तथा खेलने वालों में चार खिलाड़ी जो मुकेश शर्मा बिजुरी निवासी तथा तीन अन्य खिलाड़ी शंकर रजक, संतोष रजक व राधेश्याम महंत निवासी मनेद्रगढ़ को गिरफ्तार उनके खिलाफ पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट 1976 अंतर्गत धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई है। मगर सूत्रों की माने तो दर्जनों नामचीन जुआरियों व लाखों की बरामदगी के बावजूद महज 5000 जब्ती व तीन बाहरियों को व बस एक लोकल व्यक्ति के ऊपर हुई कार्यवाही पुलिस की कार्यवाही पर ही सवाल खड़े कर रही है।

## विभिन्न मांगों को लेकर वार्डवासियों ने किया चकाजाम



### आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

**कोतमा।** विभिन्न समस्याओं को लेकर 28 दिसंबर को कॉलेज तिराहे में पूर्व पार्षद देवशरण सिंह की उपस्थिति में वार्ड वासियों ने सुबह 11 से दोपहर 2 तक कालरी के वाहनों को रोककर चक्का जाम किया। वार्ड वासियों का कहना था कि काफी दिनों से हम लोग मांग कर रहे हैं कि कालरी प्रबंधन के द्वारा वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के नीचे से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है लेकिन सुविधा के नाम पर वार्ड वासियों एवं किसानों को कुछ नहीं दिया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 10 में भी पूर्व में कालरी प्रबंधन के द्वारा सड़क में पानी सिंचाई एवं कोयला लोड निकलने वाले वाहनों के ऊपर त्रिपाल ढककर चलने का आश्वासन दिया गया था एवं वार्ड क्रमांक 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कराए जाने का भी आश्वासन दिया गया था। वार्ड क्रमांक 9 कल्याणपुर गांव में कालरी प्रबंधन के द्वारा भूमि के अंदर से कोयला निकाला जा रहा है जिसके कारण किसानो की जमीन बंजर हो गई है किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं एवं पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। पूर्व में वार्डवासियों एवं किसानों के द्वारा ज्ञापन भी दिया गया था लेकिन उसका भी निराकरण नहीं किया गया। वार्ड वासियों के द्वारा समस्याओं को लेकर 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलरी से निकलने वाले वाहन को रोक कर चक्का जाम किया।

### मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

तहसीलदार एवं कालरी प्रबंधन के प्रतिनिधि के द्वारा नागरिकों को आश्वासन दिया गया कि प्रतिदिन कॉलेज तिराहे के पास सुबह शाम पानी की सिंचाई करवाई जाएगी, जमुना तिराहे से जमुना कालरी तक जर्जर सड़क का मरम्मत कर करवाया जाएगा, वार्ड क्रमांक 10 में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। कल्याणपुर पतेरा टोला गांव के बीच में बने नाले में बोर करवाते हुए किसानों को खेतों में पानी सिंचाई के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। अधिकारी एवं कई प्रबंधन के आश्वासन के बाद नागरिक आंदोलन कर रहे थे जिन्होंने अपना आंदोलन समाप्त किया।

## नेतृत्व विकास प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न



**कोतमा।** 28 दिसम्बर को महिला स्व सहायता समूह के नेतृत्व विकास प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत औढेरा विकासखंड जैतहरी में नाबार्ड के सहयोग से हार्ड संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड डी.डी.एम. रविन्द्र जोल्हे तथा एल.डी. एम. अजीत एस.एच.जी. अध्यक्ष कुन्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हार्ड संस्था के सुशील शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे लगभग 70 महिलाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम अध्यक्ष ने अपने यहां के 34 समूहों के महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पहले हम समूह में जुड़ने से एवं बात करने से घबराते थे लेकिन संस्था के द्वारा दिये गये प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के कारण हम लोग आज समूह के साथ आगे बढ़ रहे है। एलडीएम अजीत ने बैंक बीमा योजना की जानकारी प्रदान किये तथा समूह की महिलाओं को जानकारी दी गई कि बांस शिल्प कला का प्रशिक्षण नाबार्ड के सहयोग से हार्ड संस्था द्वारा दिया गया है। हम सभी महिलायें बांस का सजावटी सामग्री बना रहे है जिससे अतिरिक्त आय भी मिल रही है। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुये डी.डी.एम. नाबार्ड रविन्द्र जोल्हे ने कहा कि सी.एल.एफ. मीटिंग में आने से महिलाओं का आपस में संवाद होता है तथा उनका ज्ञानवर्धन होता है तथा एक दूसरे का मार्गदर्शन कर दूसरी महिलाओं को आने के लिए प्रेरित करती हैं, उन्होंने कहा कि बैंक एक सरकारी संस्था है जिसका काम सहायता करना किन्तु यदि हम ऋण ले रहे हैं तो उसे नियमित रूप से आमदनी करके उसे चुकाना भी है। जिससे समूह की शाख बनती है तथा आगे के लिये हम और अधिक मदद प्राप्त कर सकते हैं। यहां जो संगठन बना है उसके माध्यम से भी अपने उत्पाद बेचने का प्रयास करना है साथ ही केसीसी के लाभ के बारे में प्रशिक्षण में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता बाई, मंगली बाई, कमलेश, दीपनारायण एवं जहाँगीर का सराहनीय योगदान रहा।

## आवेदकों को दिया गया विभिन्न योजनाओं का लाभ



**कोतमा।** जीएस हितकारिणी समिति के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला द्वारा संचालित जन सूचना केंद्र का निरीक्षण विकासखंड समन्वय सरिमन साकेत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा के द्वारा निरीक्षण किया गया। बैहाटोला में संचालित जन सूचना केंद्र मे 80 लोगों ने शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवेदन भी किया जिसमें लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओ की जानकारी से लाभान्वित हुए। इस दौरान सिरमन साकेत विकास खंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा ओंकार सिंह जीएस हितकारिणी समिति नामांकुर संस्था महेंद्र यादव नामांकुर संस्था ग्राम विकास प्रेंस्पुतन समिति नागारा बांध मोहम्मद नजीर खान मेंटर्स निर्मल सिंह अध्यक्ष प्रदीप सिंह सचिव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आधी रात निकले एसपी मऊगंज

**रीवा ।** मऊगंज जिले के पुलिसकर्मी तो क्या थाना प्रभारी भी न सोचे होंगे कि उनके एसपी बिना सूचना के आधी रात किसी भी थाना में पहुंच जायेंगे। लेकिन बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात एसपी मऊगंज वीरेंद्र जैन ने जिले के पुलिसकर्मियों का यह भ्रम तोड़ दिया। गनीमत रही जिन-जिन थानों में एसपी पहुंचे वहां सब ठीक-ठाक की पाया। नहीं तो किसी न किसी को सजा या निलंबन का सामना करना पड़ जाता। मिली जानकारी के अनुसार एसपी मऊगंज वीरेंद्र जैन रात लगभग 12 बजे के बाद लौर थाना जा पहुंचे। थाने में देखा तो संतरी पहरे के साथ ही रात्रि ड्यूटी में रहे पुलिसकर्मी अपने काम में मुस्तैद मिले। मजे की बात तो यह है कि एसपी को सामने देख पुलिसकर्मी हक्के-बक्के हो गये और थाना प्रभारी को सूचित किये। थाना में पुलिसकर्मियों को अपने काम पर देख एसपी रात्रि गस्त में लगे पुलिस कर्मियों को देखने प्वाइंट पर जा पहुंचे, वहां भी पुलिसकर्मियों को मुस्तैद देखा। बताया गया कि एसपी मऊगंज थाना भी रात्रि निरीक्षण करने पहुंचे थे।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** राज्य स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश शासन दिलीप जायसवाल 29 दिसंबर को एक दिवसीय भ्रमण पर उमरिया आएंगे। श्री जायसवाल 29 दिसंबर को प्रातः 8 बजे कटनी से प्रस्थान कर 8:45 बजे चंदिया आएंगे जहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप 9:30 बजे चंदिया से प्रस्थान कर 9:45 बजे उमरिया आएंगे, जहां से 10:30 बजे पाली के लिए प्रस्थान कर 11 बजे पाली आएंगे। पाली में माता बिरासिनी के दर्शन करने के पश्चात घुनघुटी के लिए रवाना होंगे जहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात 12:30 बजे घुनघुटी से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आज

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करनें तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय उमरिया के सामुदायिक भवन में 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है ।

### जिले में 7519 किसानों से 423666.27 क्विटल धान की खरीदी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने बताया कि जिले में धान उपार्जन का कार्य 42 खरीदी केन्द्रों में किया जा रहा है । जिले में आज दिनांक तक 7519 किसानों से 423666.27 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है । धान खरीदी का कार्य 19 जनवरी 2024 तक किया जाएगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय खदान मजदूर संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जमुना/बदरा।** हसदेव क्षेत्र जमुना कोतमा द्वारा शहडोल लोकसभा सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को उनके निवास स्थल राजेंद्रग्राम में जाकर कोयला खान भविष्य निधि संगठन में हो रही धांधली पर रोक लगाकर कोलकर्मियों के पीएफ पेंशन फंड को बचाने के लिए भारतीय कोयला मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन सौपा गया जिसमे मुख्य रूप से महामंत्री ओमकार द्विवेदी, सचिव राजेन्द्र सिंह राजपूत, विक्रम सिंह, श्रवण भट्ट, अमित अखिलेश मिश्रा और भारतीय मजदूर कोयला संघ के कार्यकर्ता सम्मलित रहे।

### बहेराबाँध कॉलरी में हो रही कोयले की चोरी, सुरक्षा गार्ड की भूमिका संदिग्ध

**बिजुरी।** बहेराबांध कॉलिंरी में रात के अंधेरे में कोयला की चोरी खुलेआम हो रही है वहीं सुरक्षा प्रभारी ने चोरों को खुले आम संरक्षण दे रखा है।

# एक साल और गुजर गया अपना
# अधूरा ही रह गया बस स्टैंड का सपना

## करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का टोटा बरकरार

आजादी के बाद का एक साल और बीतने वाला है, चंद घंटों के बाद नया साल शुरू होगा। दुनियाभर के लोग नए साल में नए सपनें बुनेंगे, उन्हें पूरा करने का जतन भी करेंगे लेकिन धनपुरी के हजारों लोग कुढ़ते रहेंगे क्योंकि आजादी साढ़े सात दशक बीत जाने पर भी उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका।






धनपुरी।

नगर की अहम समस्या बन चुकी एक नग बस स्टैंड का जो चाहे कोई भी चुनाव हो इसकी कमी नगरवासियो खल रही आज तक क्षेत्र के कोई भी सांसद, जनप्रतिनिधि इस समस्या को पूरा नही करा सका जो आज भी नगर की लगभग 70 हजार की आवादी वाले नगर मे एक बस स्टैण्ड विहीन बना हुआ है नगर वासियो को बस स्टैण्ड की सुविधा कोई ऐसा सपूत है जो पूरा करा सके। चुनाव के समय कोई मुद्दा सबसे अधिक देखने को मिलता है वह है बस स्टैंड का हर चुनाव में जनप्रतिनिधियों का आश्वासन बनने वाला बस स्टैंड का आजादी के सात दशक बाद भी सपना ही बना हुआ है।

### सौदर्णीकरण में करोड़ों रुपए स्वाहा

नगर में सौदर्णीकरण विकास के नाम पर जगह-जगह स्टेज सड़क नाली निर्माण, फरसीकरण ,को लेकर करोड़ों रुपए के काम किए लेकिन वर्षों पुरानी जनता जनार्दन के मांग आज तक अधूरी है

### लोगों की सुझाव

आजादी के पूर्व से लेकर जश्न-ए-आजादी के अमृत महोत्सव तक एक अदद बस स्टैण्ड से वंचित कोयला नगरी के रहवासियों की चिर प्रतीक्षित मांग कुछ हद तक पूरी हो सकती है, यदि पुराने बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप स्थित सवालिस के कुएं से लगी रिक्त भूमि पर अस्थायी बस स्टॉप एवं पुलिस सहायता केन्द्र बना दिया जाए। नगर पालिका यदि स्थानीय लोगों के इस सुझाव को मानकर बस स्टॉप व पुलिस सहायता केन्द्र बना दे तो यह नगरवासियो के एक बड़ी और बहुउपयोगी सौगात हो सकती है।

### नगर में कुछ काम तो दिखे

नगर पालिका ने वैसे तो नगर में विकाश कई कार्य कराऐ है प्रकाश, पानी, सड़क ,नाली कि समुचित व्यवस्था किऐ गऐ है अगर उक्त स्थल को पडताल कराते हुऐ मिनी बस स्टाफ,पुलिस सहायता क्रेन्द्र बनने से नगर के विकाश मे एक कडी और जुड जाऐगा और लोगो कि मांग पूर्ति भी हो जाऐगी।

### वर्षों पुरानी मांग

गौरतलब है कि धनपुरी में नगर में बस स्टैण्ड की मांग एक लंबे अरसे से की जाती रही है लेकिन नगर व जिला प्रशासन ही नहीं शासन के मंत्री नेता तक इस मांग को पूरी कर पाने में नाकाम रहे हैं। सैकड़ों बार लिखित और मौखिक, व्यक्तिगत और सार्वजनिक मांग के बावजूद चिर प्रतीक्षित जन मांग को पूरी न कर पाने वाली नगर पालिका यदि सर्वे कर उक्त स्थल पर भवन बना दे तो न सिर्फ पुलिस सहायता केन्द्र का संचालन हो सकता है बल्कि मिनी बस स्टैण्ड या स्टॉप बन जाने से नगरवासियों, तथा छात्र-छात्राओं को विशेष राहत भी मिल सकती है। नगर में बस स्टैण्ड या स्टॉप की व्यवस्था न होने से बस में यात्रा करने वाले मुसाफिरों के लिये चौक में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रयुक्त स्थान न होने के कारण यात्री, विद्यार्थी और पुलिस कर्मी घंटों धूप या बरसात में खड़े रहने को मजबूर हैं।

### छाया भी उपलब्ध नहीं

नागरिकों की सुरक्षा के लिये तैनात पुलिस कर्मियों को आजाद चौक में यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस थाना के सिपाही ठंडी, गर्मी, बरसात के दिनों में भी अपनी ड्यूटी यहां वहां खड़े होकर निभाना पड़ता है स्कूली बच्चे भी स्कूल जाने के लिए टैक्सी-बस इंतजार में रोड पर घंटों खड़े रह कर इंतजार करते हैं।

### अघोषित बस स्टैंड

वर्षों से एक स्टैंड की सुविधा ना होने के चलते नगर के मुख्य मार्ग पर कहीं भी बस खड़ी हो जाती है इससे पूर्व में कई बार घटना घटित हो चुकी बस स्टैंड ना होने के चलते यात्रियों को गर्मी ठंडी बरसात में आसमान से नीचे खड़े होकर बस का इंतजार करते देखे जाते हैं बस स्टैंड की सुविधा ना होने के कारण नगर के अंतर्गत कई बसें नहीं आती और लोगों को बसों को पकड़ने के लिए बुढार जाना पड़ता है।

### बस स्टैंड सपना कब पूरा होगा

लगभग 70 हजार की आबादी वाले नगर के अंदर बस स्टैंड का मुद्दा 70.सालों से बना हुआ है । हर चुनाव में सबसे अहम मुद्दा सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड बनने की बात जीतने के बाद बनने की की जाती है लेकिन यह आश्वासन आज तक पूर्ण नहीं हो सका पिछले कुछ माह से बस स्टैंड को लेकर सवाल उठने लगे हैं नगर पालिका धनपुरी के कार्यकाल पूर्ण हो चुके हैं आगामी कुछ माह के बाद नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं इस बार बस स्टैंड पूर्ण होगा या नहीं नगर वासियों के लिए रहस्य बना है ।

### वर्षों से बस स्टैंड की मांग

इस मामले में लगातार समाचार पत्रों के माध्यम से तथा ज्ञापनों के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, श्रमिक नताओं एवं व्यापारियों, पत्रकारों ने संभागायुक्त शहडोल एवं कलेक्टर शहडोल से नगरपालिका कोआवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किये जाने की मांग की है

# यात्री बसों पर चला सघन जांच अभियान 16 बसों पर की गई चालानी कार्रवाई

**रीवा ।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा जिले भर में यात्री बसों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया। परिवहन विभाग ने रीवा आर टी ओ के निर्देशन में यात्री बसों के विरुद्ध संघन जांच अभियान चलाते हुए 16 बसो के ऊपर चालानी कार्रवाही की और उनके फिटनेस और परमिट से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच की। ठंड में मौसम के बदलाव के चलते मार्ग पर कोहरे के कारण दुर्घटना की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है जिसके लिए रीवा आरटीओ ने रीवा बस एसोसिएशन की मीटिंग बुलाकर यह निर्देश दिए की कोई भी बिना फिटनेस परमिट के वाहन ना चलाएं और बसों के चालकों के द्वारा वाहन नियंत्रण में चलाने की बात कही। आर टी ओ रीवा ने बताया कि कोहरे के कारण मार्ग में दूर तक देखने की क्षमता में काफी कमी हो जाती है जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना काफी बढ़ जाती है अतः बसों को नियंत्रण में ही चलाएं खुली जगह




पर ही आवश्यक कर परिवहन विभाग द्वारा जाँच की यह कार्यवाही रीवा मऊगंज रीवा सिरमौर एवं रीवा गोविंदगढ़ मार्ग पर की गई।बस एसोसिएशन से श्री प्रमोद सिंह रमेश तिवारी पुष्पेंद्र द्विवेदी राधा बल्लभ, गौरव सिंह, दिलीप शर्मा, भइयू ख़ान सफ़र ट्रैवेल्स महालक्ष्मी बस सर्विस आदि बस संचालक शामिल रहे। आज की गई कार्यवाही से परिवहन विभाग को 46500 रुपये का राजस्व चलानी कार्यवाही से प्राप्त हुआ।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं भविष्यनिधि द्वारा कलेक्टर कार्यालय शहडोल में

# जागरूकता एवं शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया

अमलाई।



कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कलेक्टर कार्यालय, शहडोल में जागरूकता एवं शिकायत समाधान शिविर सुविधा समागम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ईएसआईसी के प्रतिनिधि आकाश पाठे ने बताया कि मजदूरों को जागरूकता के अभाव में अपने हक के हितलाभ को पाने में समस्या आती है, बार बार सरकारी दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते है, इस समस्या के समाधान हेतु ईएसआईसी ने अपने बीमित व्यक्तियों के लिए आई.पी. पोर्टल की सुविधा दी है। अब बीमित व्यक्ति, हितलाभ का दावा अपने मोबाईल से या सीएससी सेंटर से ओनलाईन आसानी से कर सकते है और समय से हितलाभ भी पा सकते है। साथ ही मजदूरों को आई.पी. पोर्टल पर दावा करने की प्रक्रिया भी समझाई। आकाश पाठे ने आगे बताया कि ईएसआईसी द्वारा आधार सीडिंग की पहल की गई है जिसमे बीमित व्यक्ति स्वयं के एवं अपने आश्रित परिवार के सदस्यों का आधार, ईएसआईसी के रिकार्ड में लिंक कराएगा जिससे उसे चिकित्सा हितलाभ एवं नगद हितलाभ लेने में आसानी होगी । मजदूरों को हितलाभ देने में आने वाली समस्या में सबसे बड़ी समस्या उनके गलत रिकार्ड होते है, मजदूरों द्वारा दावा करते समय प्रस्तुत दस्तावेजों में अलग अलग जानकारी होने की स्थिति में हितलाभ दावा का भुगतान करने में देरी होती है, जिसका निराकरण आधार सीडिंग के माध्यम से किया जा सकता है। इस लिए ईएसआईसी द्वारा दैनिक रूप से नियोजक के परिसर में जाकर बीमितों का आधार जोड़ा जा रहा है। आपको बात दे की यह शिकायत निवारण शिविर मासिक रूप से माह के अंत में 27 तारीख को जिला स्तर पर आयोजित किया जाता है, यह ईएसआईसी का सुविधा समागम एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का निधि आपके निकट का संयुक्त शिकायत निवारण शिविर है। भविष्यनिधि जबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से इस कार्यक्रम में चंद्रभान सावनानी एवं आदित्य कुमार शामिल हुए एवं मजदूरों की समस्या का समाधान किया, एवं भविष्य निधि से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। उन्होंने भी मजदूरों के गलत बैंक खाता, गलत जन्म तारीख, एवं नाम के कारण लाभ देने में आने वाली समस्या को समझाते हुए समाधान बताया एवं निराकरण हेतु सही कार्यवाही का मार्गदर्शन भी दिया।

# आरवीसी कोर में देश की पहली नवनियुक्त महिला कैप्टन डॉक्टर जागृति सिंह का कलेक्टर, एसपी ने किया सम्मान



**रीवा ।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी जनपद के ग्राम फूलकरण सिंह में जन्मी डॉक्टर जागृति सिंह को बुधवार के दिन कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक कुमार ओहरी एंव एसपी वीरेंद्र जैन ने शॉल श्रीफल से सम्मानित कर इस खुशी के पर्व पर मुंह मीठा करवाया। साथ ही कैप्टन डॉ. जागृति सिंह को इस कठिन मार्ग में प्रोत्साहित किये जाने के लिए उनके पिता सेवा निवृत कैप्टन जगत बहादुर सिंह एवं उनकी पत्नी अनीता सिंह को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर एंव एसपी कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चले कि आरवीसी कोर में पहली बार केंद्र सरकार ने महिलाओं को स्थान दिया। जिसमें देश की चार महिलायें का चयन हुआ है। उनमें एक नईगढ़ी विकास खंड के ग्राम फूलकरण सिंह की डॉ. जागृति सिंह का नाम शामिल है। नवनियुक्त कैप्टन जागृति सिंह माता-पिता एंव परिवारजनों का आर्शिवाद लेने एक दिवस के लिए रीवा आई हुई थी, जहां उनका जगह-जगह स्वागत किया गया।

### कैप्टन डॉ. जागृति सिंह ने गांव में रखा कदम

सरपंच ने आरती चंदन से किया स्वागत

कैप्टन डॉ. जागृति सिंह अपने गांव पहुंचकर अपनी कुल देवी एंव स्व. बाबा धर्मराज सिंह द्वारा बनाये गये मंदिर में जाकर दर्शन किये और आर्शिवाद मांगा। गांव में आने की खबर होने से ग्राम पंचायत के सरपंच एंव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्व. धर्मराज सिंह ज्ञान मेमोरियल विद्यालय के प्राचार्यो ने स्वागत सम्मान का आयोजन किया। सरपंच नरेंद्र सिंह मुंशी ने सपरिवार कैप्टन डॉ. जागृति सिंह की आरती चंदन कर स्वागत वंदन किया। गांव में जहां-जहां भी सम्मान समारोह रखा गया था वहां गांव की भीड़ बैंज बाजे के साथ कैप्टन डॉ. जागृति सिंह के चलते हुए हर्षाती रही।

### लक्ष्य पर रखें ध्यान मंजिल कदमों पर होगी: कैप्टन डॉ. जागृति सिंह

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलकरण सिंह में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कैप्टन डॉ. जागृति सिंह ने बताया कि मैं इसी विद्यालय की छात्रा थी। इस विद्यालय से ही मैं निकल कर मैंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। यह सोच नहीं रखनी चाहिये कि मैं गांव में पढ़ता हूं गांव से ही पढ़कर आज लोग अच्छे-अच्छे पदों पर आसीन है।

## कांग्रेस नेता ने नगर में घटिया नाली निर्माण पर लागई रोक

# कार्यवाही की मांग

रीवा ।

मऊगंज । प्रदेश की मोहन सरकार में बड़े विकास कार्यो के साथ ही भ्रस्ट प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की बात भले की जा रही है। लेकिन मऊगंज जिले की बात करें तो यहां पर जंगलराज है। जहां पर भ्रस्ट अधिकारियों के खुले संरक्षण में चहुओर अंधेरगर्दी से कोहराम मचा हुआ है। सरकार की बड़ी विकास योजनाएं मऊगंज के लिए विनाशकारी तो भ्रस्टाचारियों के लिए वरदान साबित हो रही है। मऊगंज नगर में ठेकदार द्वारा खुलेआम घटिया नाली निर्माण का खेल जारी है। जिसको लेकर हल्ला गुहार मचा हुआ है नाली निर्माण के ऊपर ढली स्लेप में ढाई सूत के मात्र तीन छण बिछाई जा रहे हैं । जो की बहुत कमजोर और खतरनाक है। यह लोगों को चलने पर कभी भी टूट सकती है और उसमें गिर कर घायल हो सकते हैं। ठेकेदार ने अपने भारी भरकम भ्रस्टाचार को छुपाने के लिए आनन फानन में मिट्टी से ढकना भी शुरू कर दिया है।। जिला कांग्रेस नेता व वरिष्ठ पार्षद विश्वनाथ मिश्रा ने जिला कलेक्टर मऊगंज से घटिया निर्माण पर रोंक एवं दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है।

**खबर संक्षेप**



## नहाने दौरान पैर फिसलने से कुआं में गिरकर वृद्धा की मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बर्री गांव में गुरुवार की दोपहर 11 बजे घर के पीछे स्थित कुआं में नहाने गई 60 वर्षीय वृद्धा दुवशिया पति लालमन बैगा की कुआं के पास नहाते के लिये पानी खींचते समय पैर फिसलने से कुआं के अंदर गिरकर पानी में जाने डूब जाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर कोतवाली अनूपपुर के सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच प्रारंभ की तथा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मृतिका के शव का ड्यूटी डॉक्टर से पी,एम,कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया।

## निर्धारित अवधि में उत्तर दिए जाने अधिकारियों को जारी किए दिशा निर्देश

**अनूपपुर।** सांसद सदस्यों एवं विधायकों के पत्रों, निर्देशित शिष्टाचार का पालन तथा शासकीय कार्यक्रमों में आमंत्रित करने के संबंध में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा जारी दिशानिर्देश का पालन सभी अधिकारियों को किए जाने के संबंध में संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने सांसद तथा विधायक के पत्रों के पावती देने, उनके पत्रों पर कार्यवाही कर निर्धारित अवधि में उनका उत्तर देने, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने एवं उन्हें सार्वजनिक समारोह, कार्यक्रमों में आमंत्रित करने तथा उनसे प्राप्त पत्रों के लिए पृथक पंजी संधारित करने तथा शिष्टाचार का पालन करने के संबंध में जारी शासन निर्देशों का पालन करने के संबंध में निर्देश दिए।

## स्व-सहायता भवन पुष्पराजगढ़ में दिव्यांग शिविर सम्पन्न



**अनूपपुर।** गुरूवार को स्व-सहायता भवन पुष्पराजगढ़ में एलिम्को जबलपुर द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए चिन्हांकन शिविर तथा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 290 दिव्यांग जनों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 82 दिव्यांग जनों का 40 प्रतिशत से अधिक एवं 45 दिव्यांग जनों का 40 प्रतिशत से कम का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। एलिम्को द्वारा कुल 83 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया, जिसमें से 8 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हित किया गया।

## ग्रामीणों के घर, खेत, खलिहान को निशाना बना रहा हाथी

**अनूपपुर।** विगत 12 दिनों पूर्व जिले में छत्तीसगढ़ राज्य को सीमा लागते हुए फिर से एक दो दांत वाला नर हाथी पहुंचकर निरंतर विचरण कर रहा है। यह हाथी विगत दो दिनों के मध्य दिन में जंगल में विश्राम करने बाद शाम-रात को जंगल के किनारे एवं पास मे स्थित ग्रामीण अंचल गोबरी, टेंगरहा, कछराटोला, पगना, बेलिया, बांका ग्राम कांसा के टिकरीटोला, तिरंगाटोला आदि मे विचरण करते हुए ग्रामीण के घरों, खेतों एवं खलिहानों में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाते हुए बुधवार की सुबह फिर से वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत पगना गांव के नजदीक जामुनगडई जंगल में जाकर विश्राम कर रहा है। एक हाथी के विचरण दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण जन अचानक हाथी को आते देखकर, भाग कर, पक्के घरों में रहकर अपनी जान बचाई वही बीच गांव व मोहल्ला में हाथी के प्रवेश को रोकने के लिए ग्रामीण जन ट्रैक्टर, ढोल-मजीरा, मशाल के माध्यम से भागने का प्रयास किया। इस दौरान बीच-बीच में यह हाथी ग्रामीण जनों को भी दौड़ाता रहा है।

### आईटीआई का बाबू खुद बन बैठा था प्राचार्य, कलेक्टर से भ्रष्टाचार की शिकायत

# दाल नहीं गली तो प्राचार्य को ही फंसाकर करा दिया पद से पृथक

### कोतमा एवं अनूपपुर में साईं स्टेशनरी से मिली भगत कर लाखों का गोलमाल

**अनूपपुर।**

26 दिसंबर को दुर्गेश कुमार पटेल पिता बुद्ध सेन पटेल निवासी ग्राम धिरौल के द्वारा मंगलवार जनसुनवाई एवं कलेक्टर के नाम पर पत्र सौंप कर आईटीआई कॉलेज कोतमा से अनूपपुर में पदस्थ बाबू सीताराम महरा पर कोतमा एवं अनूपपुर में स्टेशनरी खरीदी के नाम पर साईं स्टेशनरी दुकान अनूपपुर के संचालक साहू के साथ मिलीभगत कर लाखों रुपए का गबन कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुये जांच व कार्यवाही की मांग की है।

### बाबू ऐसे करता था हेराफेरी

आवेदक दुर्गेश पटेल द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में लेख किया है कि वह स्वयं प्रयाग कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर फर्म के नाम पर कार्य करता है जो कोतमा आईटीआई कॉलेज में भी कई उपकरणों का सप्लाई करता आया है परंतु सप्लाई के बदले में पदस्थ बाबू सीताराम महरा के द्वारा हमेशा कमीशन की मांग की जाती रही है और मना करने पर वह हमसे सप्लाई लेना बंद कर दिया और साईं स्टेशनरी एवं सप्लायर अनूपपुर के साथ मिली भगत कर उपकरण एवं सामग्री लेने लगा और फर्जी तरीके से बिल लगाकर वर्ष 2014-15 से लगातार गोलमाल व भ्रष्टाचार खरीदी के नाम पर करते चला आ रहा है जिनके पास अवैध तरीके से कमाई हुई अकूत करोड़ की चल अचल संपत्ति अपने नात रिश्तेदारों के नाम पर बनाकर रखी गई है जिसकी जांच आवश्यक है। आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं होती है वर्तमान



समय में बाबू सीताराम महरा पैसे देकर अपना तबादला शासकीय आईटीआई कोतमा से अनूपपुर में करवा लिया है और बड़े जोर शोर से स्टेशनरी संबंधित खरीदी साईं स्टेशनरी के मालिक साहू के साथ मिलकर फर्जी बिल लगा कर शासन के पैसों को खयानत करते जा रहे हैं जिस पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। पूर्व में कोतमा आईटीआई कॉलेज में पदस्थ प्राचार्य यशके पनाडिया के विश्वास का फायदा उठाकर भी बाबू सीताराम महरा बिलों एवं चेकों में हस्ताक्षर कर लेता था और भ्रष्टाचार करता रहा है परंतु जब प्राचार्य को इसकी जानकारी हुई और विरोध किया गया तो उल्टा उन्हें ही खयानत के आरोप में जांच करवा सीताराम महरा बाबू के द्वारा पैसे व पहचान के दम पर पद से पृथक करवा दिया गया जबकि उक्त प्राचार्य कुशल व्यवहार एवं अपने कर्तव्य के प्रति सजग व्यक्ति थे जब मुझे इस संबंध में जानकारी हुई तो मुझे बड़ा ही अफसोस हुआ कि फर्जी कार्य किसी और के द्वारा किया गया और निर्दोष व्यक्ति को पद से बाहर होना पड़ा।

### दंडात्मक कार्यवाही की मांग

प्रार्थी ने कलेक्टर अनूपपुर को पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि वास्तव में पूर्व में कोतमा में पदस्थ प्राचार्य एसके पनाडिया दोषी नहीं है पूरा भ्रष्टाचार का दारोमदार सीताराम महारा पदस्थ बाबू है जिसके द्वारा विश्वास का फायदा उठाकर गलत तरीके से चेकों में हस्ताक्षर करवा लिया गया और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया परंतु हस्ताक्षर व जिम्मेदार व्यक्ति प्राचार्य के होने के कारण जांच में दोषी पाने पर पद से बाहर होना पड़ा। अतः निवेदन है कि आईटीआई कोतमा एवं अनूपपुर में पदस्थ सीताराम बाबू तथा साईं स्टेशनरी के बीच लेनदेन के फर्जीवाड़े की सूक्ष्म जांच कराया जाकर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# गोपाल राम गहमरी साहित्य सर्वश्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित हुईं मीना सिंह



**अनूपपुर।**

गहमर गांव में तीन दिवसीय जासूसी उपन्यास का गोपाल राम गहमरी की स्मृति में साहित्यिक कार्यक्रम साहित्य सरोज पत्रिका के संपादक डॉ.अखंड सिंह के द्वारा 22, 23 एवं 24 दिसंबर को तीन दिवसीय साहित्य, कला, लोक नृत्य गायन वादन एकांकी कहानी, कवियत्री सम्मेलन, पुस्तक मेला स्वास्थ्य योग शिविर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे वरिष्ठ श्रेष्ठ साहित्यकारों ने रचनाकारों ने कलाकारों ने गीतकार और फिल्मकारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ धार्मिक आयोजन में गंगा स्नान, नौका विहार, गंगा परिक्रमा मां कामाख्या के दर्शन पूजन, और मंदिर प्रांगण में भी परम श्रद्धेय महंत जी के सानिध्य मे भक्ति मय काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई। श्रीमती मीना सिंह अनूपपुर मध्य प्रदेश से पहुंची गहमर उनका ग्रह ग्राम और कुलदेवी मां कामाख्या है। मां के दरबार में भी भक्ति मय काव्य गोष्ठी में स्वर के जादू बिखेरे। ज्ञात हो कि श्रीमती सिंह अपनी मधुर कंठ और उत्कृष्ट लेखन शानदार, प्रस्तुति के लिए जानी जाती हैं और अनेक सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। गोपाल राम गहमरी साहित्य सर्वश्रेष्ठ रचनाकार के सम्मान से उन्हें नवाजा गया। कार्यक्रम में उपस्थित फिल्मकार सुनील दत्त मिश्रा, डा. अपर्णा, डॉ पुष्पा सिंह दिल्ली, राजेश भटनागर जयपुर,डॉ.गोप कुमार, गणेश विद्यार्थी, ओम मिश्रा लखनऊ डॉ.कनक, रश्मि राज वर्मा, बृजेंद्र गुप्ता, संतोष शान, बहुत से साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें भी 9वां गोपाल राम गहमरी साहित्य के सर्वश्रेष्ठ रचनाकार के रूप में सम्मानित किया गया।

# कोतमा विधायक ने मंत्री बनते ही विकास के लिए दिये 15 करोड़

## आज आयेंगे अनूपपुर, 31 तक रहेंगे जिले के भ्रमण में

**अनूपपुर।**

मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 29 से 31 दिसम्बर तक जिले के भ्रमण में रहेंगे। राज्यमंत्री श्री जायसवाल 29 दिसम्बर को दोपहर 3:30 बजे अनूपपुर सर्किट हाऊस पहुंचेंगे एवं जनता एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5 बजे अनूपपुर से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा कोतमा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 6:45 बजे कोतमा से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा बिजुरी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम निज निवास में करेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 30 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे बिजुरी में विभिन्न मार्गों एसईसीएल हंसदेव क्षेत्र बिजुरी के वेलकम गेट से रेलवे ओवर ब्रिज, दलदल तिराहे से लेकर दलैया टोला होते हुए कपिलधारा रोड तथा वेलकम गेट से ऊर्जा माईन्स तक का भूमि पूजन करेंगे। दोपहर 12 बजे हनुमान मंदिर बिजुरी में सुन्दर काण्ड एवं भण्डारे में सम्मिलित होंगे तथा शाम 6 बजे कलेक्ट्रेट सभागार अनूपपुर में विभागीय जिला अधिकारियों की बैठक लेंगे। तत्पश्चात रात्रि विश्राम निज निवास बिजुरी में करेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल 31 दिसम्बर को बिजुरी में दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, भक्ता भवनिया देवी मंदिर के दर्शन-पूजन पश्चात अमरकंटक हेतु प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11 बजे अमरकंटक रेस्ट हाउस पहुंचेंगे। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल अमरकंटक में माई के दर्शन, कन्या भोज एवं स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे अमरकंटक से कटनी हेतु प्रस्थान करेंगे।

### कोतमा विधानसभा को 15 करोड़ की सौगात

कोतमा विधायक व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने विधानसभा क्षेत्र में विकास की सौगात देनी शुरू कर दी है। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत डोला मे स्व.पं. दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन लागत 1 करोड नगर पंचायत राजनगर में वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक नाला निर्माण लागत 1 करोड, नगर पंचायत बनगवा में तालाब निर्माण लागत 50 लाख, नगर पंचायत बनगवा में तालाब पर घाट पार्क निर्माण जीर्णोद्वार लागत 60 लाख, नगर पंचायत बनगंवा में दुर्गा मंदिर मा. अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड कमांक 4 में सड़क निर्माण लागत 40 लाख, नगर परिषद डूमरकछार में मुक्तिधाम निर्माण लागत 50 लाख, नगर परिषद डुमर कछार में ओपन जिम लागत 50 लाख के साथ ही वार्ड नंबर 01, 08, 12, 14, 15, 08 ग्राम पंचायत रैउन्दा पिपराहा भगवान निशाद राज मंगल लागत 1 करोड़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास भवन 09 ग्राम कोठी संत शिरोमणी रविदास मंगल भवन लागत 1 करोड़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास ग्राम पंचायत गुलीडांड मंगला कर्मा मंगल भवन 1 करोड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास ग्राम पंचायत देवगवा माधव मंगल भवन स्थल ग्राम पंचायत देवगंवा लागत 1 करोड पंचायत एवं ग्रामीण विकास ग्राम पंचायत जरार्टोला मे भगवान शहस्त्रबाहु मगल भवन लागत 1 करोड़, नगर पालिका कोतमा में भगवान परशुराम मंगल भवन लागत 1.50 करोड़, बिजुरी में पं. अटल बिहारी बाजपेयी मंगल भवन लागत 2.50 करोड़, बिजुरी में स्टेट बैंक मार्ग से बिजुरी कालरी वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक रोड एवं नाली एवं पुलिया निर्माण लागत 50 लाख, ग्राम पंचायत बाडीखार में रानी दुर्गावती मंगल भवन लागत 50 लाख, ग्राम पंचायत लामाटोला में अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा मंगल भवन निर्माण लागत 50 लाख रुपए दिये गये। इस प्रकार से कोतमा विधनसभा में विकास कार्यों के लिए कुल लागत 15 करोड रुपए की सौगात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के द्वारा दी गई है।



### गृहनगर बिजुरी मे मंत्री के प्रथम आगमन पर बेसब्री से इंतजार

मंत्री के गृह नगर बिजुरी में स्वागत हेतु नगर वासी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जगह-जगह बैनर फ्लेक्सी, स्वागत द्वार बन चुका है। ज्ञात हो कि मंत्री दिलीप जायसवाल भी आने के पहले ही नगर में विकास की कई घोषणा कर लोगों में एक नई ऊर्जा भर दी है, मंत्री के आने के बाद नगर में कई लोकार्पण के कार्यक्रम भी किए जाने हैं। मंत्री पद से नवाजे जाने के बाद बिजुरी नगर के प्रथम आगमन पर स्वागत हेतु बेचैन दिख रहे हैं। उधर कोतमा विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता का आभार व्यक्त करते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज मैं जहां हूं जिस पद में हूं कोतमा विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्यार व उनके द्वारा मेरे ऊपर व्यक्त किए गए विश्वास के कारण ही मैं आज यहां तक पहुंचा हूं। मैं क्षेत्र की जनता का हमेशा ऋणी रहूंगा, मेरा प्रयास यही रहेगा कि मैं क्षेत्रवासियों के विकास के लिए कुछ कर सकूं।

# सेवा दल के 100वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## त्याग, तपस्या और बलिदान कांग्रेस का सबसे बड़ा शस्त्र : फुंदेलाल

**अनूपपुर।**

इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के 139वां स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवा दल के 100वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस सेवा दल ने अनूपपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर सेवा दल की स्थापना दिवस को शताब्दी वर्ष स्थापना दिवस (दल दिवस) के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ध्वज वंदन कार्यक्रम, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, कांग्रेस संस्थापक को एवं सेवा दल संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं कांग्रेस पार्टी व सेवादल संगठन पर गोष्टी आहुति की गई। पुष्पराजगढ़ विधानसभा से तीसरी बार विधायक निर्वाचित होने पर फुंदेलाल सिंह मार्को का शाल वा श्रीफल से सम्मान किया गया। मिष्ठान वितरण कर, पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया गया। कई कांग्रेस जनों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। कोतमा एवं अनूपपुर विधानसभा में कांग्रेस की पराजय की समीक्षा की गई। पार्टी के मजबूती के लिए पराजय की पीड़ा से उभर कर कांग्रेस को मजबूत बनाने पर चर्चा एवं कई सुझाव प्रस्तुत किए गए।पार्टी में महिलाओं की आधिका अधिकाधिक भागीदारी, महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की एवं जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। जिले की सभी संघटनात्मक ब्लॉक इकाइयों में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन,विशेष चुनाव प्रशिक्षण शिविर (कार्यशाला) लगाकर कार्यकर्ता प्रशिक्षित करने पर विचार किया गया। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि कांग्रेस के महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर जिस तरह देश को आजाद कराने में अपनी भूमिका निभाई थी। इसी तरह कांग्रेस को फिर से केंद्र में सत्तासीन बनाने के लिए मेहनत करना चाहिए। कांग्रेस के महापुरुषों के हम ऋणी है कि उनके त्याग एवं बलिदान के कारण ही देश स्वाधीन हुआ। हमें लोकतंत्र मिला। कांग्रेस ने देश को सजाने संभालने का काम किया।कांग्रेस की इन विषम परिस्थितियों में एकजुट रहना होगा। त्याग, तपस्या और बलिदान कांग्रेस का सबसे बड़ा शस्त्र है। हताशा से हमें ऊपर उठकर बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ना होगा।हर संघर्ष में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। लोकसभा की चुनौतियों के लिए हमें तैयार रहना होगा अभी से तैयारी करें मेरी जीत सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। कांग्रेस पार्टी एवं सेवा दल के स्थापना दिवस पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने संगठन में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी के लिए काम करने पर जोर दिया। भाजपा के झूठे वादों को जनता के सामने लाकर संघर्ष करना होगा। 450 रुपए में गैस सिलेंडर 3100 रुपए में धान खरीदी, 3000 रुपए महिलाओं को सम्मान निधि दिलाए जाने पर संघर्ष करेंगे सड़कों पर उतरकर आंदोलन धरना प्रदर्शन करेंगे।



# शिकायत के बाद लापरवाह छात्रावास अधीक्षक हुआ पद से पृथक

### फर्जी बिल आहरण समेत छात्रों के शोषण की हुई थी शिकायत

**अनूपपुर।**

शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास चोलना के छात्रो को भरपेट भोजन नही देने तथा भोजन में रोटी नही देने तथा मांगने पर घर चले जाने की धमकी दिए जाने के साथ ही 50 बच्चों की उपस्थिति लगाकर फर्जी बिल आहरण करने, रसोई व शौचालय की साफ-सफाई नही होने की शिकायत पर शासकीय उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य के प्रतिवेदन पर सहायक आयुक्त ने सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास अधीक्षक सतनू राठौर को पद से पृथक करते हुए शासकीय उमा. विद्यालय चोलना में शैक्षणिक कार्य किए जाने हेतु आदेशित किया है। जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बार को जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के क्षेत्र संयोजक एस.के. बाजपेयी एवं सहायक आयुक्तए जनजातीय विभाग अनूपपुर द्वारा संयुक्त रूप से आदिवासी बालक छात्रावास चोलना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 50 छात्र ऑन बोर्ड पाये गए किन्तु 18 छात्र ही उपस्थित रहे। छात्रो से चर्चा करने पर बताया कि हमेशा पूरे छात्र उपस्थित नही रहते है। मात्र 18- 19 छात्र ही उपस्थित रहते है। भोजन मीनू अनुसार नही दिया जाता है। दाल, चावल सब्जी मात्र हर रोज दिया जाता है, रोटी के साथ विशेष भोजन नही दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छात्रावास में कोई भी व्यवस्थाएं नही है और ना ही अधीक्षक छात्रावास में निवास करते है। अधीक्षक द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं में कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। शासन के निर्देशों का पालन न किया जाना एवं पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही पाई गई। जिस पर सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग अनूपपुर ने सतनू राठौर माध्यमिक शिक्षक (अधीक्षक) को आदिवासी बालक छात्रावास चोलना के अधीक्षक पद से पृथक करते हुये शा.उ.मा.वि.बालक चोलना में शैक्षणिक कार्य किये जाने हेतु आदेश दियाहैं। तथा छात्रावास संचालन के लिए माध्यमिक शिक्षक, शासकीय माध्यमिक विद्यालय चोई गीतराम केवट को छात्रावास चोलना के अधीक्षक का प्रभार दिया गया है।



# मंदिर की दीवार गिरने से पास में खेल रहे दो बच्चों की दबने से दर्दनाक मौत

**बिजुरी।**

बिजुरी थाना अंतर्गत ग्राम गुलीडांड में 28 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे मंदिर की दीवार गिर जाने से पास में खेल रहे दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि विवेक तिवारी पिता विनोद तिवारी उम्र 4 वर्ष तथा राज तिवारी पिता दुर्गेश तिवारी उम्र 8 वर्ष जो मंदिर की बनी बाउंड्री वॉल के बगल में खेल रहे थे अचानक दीवार गिर जाने से दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तुरंत कोठी ग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जहां बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के पूर्व ही घायल में से एक बच्चा दम तोड़ दिया वही दूसरा बच्चा बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान चल बसा, घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंदिर के बाउंड्री में तिवारी परिवार द्वारा ही रेत रखवाया गया था, बाउंड्री वॉल कमजोर होने के करण रेत का वजन नहीं सह पायी और बाउंड्री के बगल में बच्चों के खेलने से दीवार ढह गई, जिससे दो नौनिहाल बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बिजुरी थाना प्रभारी राकेश उइके ने बताया कि मंदिर की दीवार से लगाकर पूरन लाल तिवारी ने रेत रखवाई थी। मामले की जांच कर रहे हैं।